Need to complete Etah ? Kasganj Railway line project -laid

श्री देवेश शाक्य **(एटा) :** मैं उत्तर प्रदेश की एटा - कासगंज लोक सभा क्षेत्र से चुन कर आया हूँ । इस क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या एटा जनपद में एटा - कासगंज रेल लाइन का शुरु न होना है । इसके लिए एटा - कासगंज की जनता साठ दशकों से लगातार मांग उठा रही है, परन्तु हमेशा ही यहाँ के जनप्रतिनिधियों द्वारा उन्हे रेल लाइन का छलावा हर चुनाव में दिया जाता रहा है । शायद ऐसा जनपद जो आजादी के बाद से अब तक रेल लाइन से वंचित रहा है । मेरा माननीय रेल मंत्री जी से विशेष आग्रह है कि इस रेल लाइन परियोजना को जल्द से जल्द पूरा किया जाये ताकि एटा - कासगंज की जनता की 70 वर्षों की प्रतीक्षा पूर्ण सके ।